हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड




महासमुंद। नवरात्र के अवसर पर जिले के माता देवालय जगमगा रहे हैं। वहीं मनोकामना ज्योत से रौशन हो रही माता के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ ज्योत दर्शन के लिए पहुंच रही है। खल्लारी में पहाड़ी मंदिर में और नीचे मंदिर में कुल 2400 ज्योति प्रज्ज्वलित की गयी हैं।


B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## खबर संक्षेप

### मंदिर से बाइक चोरी

**महासमुंद।** खल्लारी मंदिर से बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को कुलेश्वर चक्रधारी निवासी तुपकबोरा ने बताया कि 20 सितंबर को वह बोधन चक्रधारी के साथ अपनी मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीएच 7863 से खल्लारी मंदिर घूमने आया था। दोपहर करीबन 1 बजे अपनी बाइक को नारियल दुकान के सामने खड़ी कर पहाड़ी उपर मंदिर दर्शन करने गये थे, दोपहर 03 बजे वापस आकर देखने पर बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

मांग : पीड़ितों ने की संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग

# पट्टा बनाने पटवारी ने लिए रुपए, फिर भी नहीं बनाया, अब ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा तहसील के अंतर्गत सिर्री पठारीमुढा प.ह.नं.-12 में पदस्थ रहे तत्कालीन पटवारी रुपेश कुमार सिन्हा के खिलाफ एफआईआर प्रकरण दर्ज करने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीण पुनउ राम केंवट, जीवराखन गोड़, मंगलू गोंड़, भागीरथी कंवर ने सौंपे गए आवेदन में बताया है कि बागबाहरा तहसील के अंतर्गत सिर्री पठारीमुड़ा प.ह.नं. 12 में पदस्थ रहे तत्कालीन पटवारी रुपेश कुमार सिन्हा ग्राम पचरी पोस्ट नरतोरा थाना पटेवा के द्वारा कब्जा बढ़ाने एवं पट्टा बनाने के नाम से 50 हजार रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से वसूल चुका है। आरोप है कि पटवारी अपने साथ में एक व्यक्ति को लेकर आया था। हम लोगों ने पुनउ राम केंवट के घर में बैठकर रुपेश कुमार सिन्हा के साथ चर्चा कर उनके मांग के अनुसार 50 हजार रुपए दिए। पटवारी द्वारा आज तक जमीन को न काबिज चढ़ाया है और न ही पट्टा दिया गया। हम लोगों को गोल मोल जवाब देकर घुमाया जा रहा है। जिसके कारण हम लोग बहुत परेशान है। जिसके कारण आवेदन सौंपकर तत्कालीन पटवारी रुपेश कुमार सिन्हा के खिलाफ एफआईआर प्रकरण दर्ज करने की मांग कलेक्टर जनदर्शन में किये है।



### मानसिक रुप से किया जा रहा प्रताड़ित

ग्रामीणों ने बताया है कि हम लोग कृषि मजदूरी करके बड़े ही मुश्किल से अपने परिवार का जीवनयापन करते आ रहे हैं। हम लोगों से कब्जा चढ़ाने एवं पट्टा बनाने के नाम से एक-एक व्यक्ति से 50 हजार रुपए लिया गया है, लेकिन न ही कब्जा चढ़ाया जा रहा है और न ही पट्टा बनाया जा रहा है और न ही हमारे द्वारा दी गई राशि को वापस किया जा रहा है। जिसके कारण मानसिक एवं शारीरिक रुप से परेशान है, हमारे पास आत्महत्या करने के सिवा कोई विकल्प नहीं है।

### धमकी के चलते परिवार में बना भय का माहौल

कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों के अनुसार पठारीमुड़ा में पुनउ राम केंवट के घर के पास विजय लक्ष्मी तिवारी के द्वारा बार-बार विवाद कर गाली गलौच किया रहा है और धमकी देकर रायपुर से गुंडा भेजकर एक एक को उठवाने की बात कही जा रही है। उनके द्वारा कहा जा रहा है कि तुम लोग बेचारे पटवारी को फंसा रहे हो, इसलिए सबकी जिंदगी बरबाद कर दूंगी। जिसके कारण परिवार में हमेशा भय का माहौल बना हुआ है।

## तालाब एवं किसानों के निस्तारी के लिए आबंटित भूमि हड़पने की निष्पक्ष जांच की मांग

**महासमुंद।** मनोरमा इंडस्ट्रीज द्वारा पैसा एवं पहुंच के बल पर छलकपट एवं



कूटरचना से शासकीय भूमि तालाब एवं किसानों के निस्तारी के लिए आबंटित भूमि हड़पने की विशेष निष्पक्ष जांच एवं संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कलेक्टर जनदर्शन में की गई।

पीड़ित पक्ष ने कलेक्टर से शिकायत कर मामले की जांच करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शासन जांच करे तो इस कूटरचना का राजफाश हो सकता है। पीड़ितों ने पहले भी जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। लेकिन एक महीने बीतने के बाद भी जांच शुरू नहीं हुई है। आवेदक पक्ष द्वारा थाना में दिए गए आवेदन पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, पुलिस इसे राजस्व का मामला बताकर पल्ला झाड़ रही है। मामले की जानकारी देते हुए गणेश, सुरेंद्र जांगड़े, पुनेश्वर कुर्रे ने बताया है कि पानी के नीचे भूमि को निस्तार अधिकारी के आदेश दिनांक 02.11.1955 मामला क्रमांक 194 133/2 55-56 के वाजिब भूअर्जन के अनुसार कृपाराम वगैरह को केवल निस्तार के लिए मालिक हक देकर शासकीय भूमि पुराना खसरा नं. 1220, 1221, 1685, 1775 रकबा क्रमशः 14.24, 1.88, 5.13, 2.56 एकड़ को सामूहिक रूप से मनराखन, कांशीराम वल्द कृपाराम, बेदवती बेवा कृपाराम, जगतपाल, शिवपाल वल्द मोतीराम, बेनीराम, बाबूलाल वल्द पदुमन, जगमोहन, छबिराम वल्द गोपाल, छंगुलाल वल्व बिहारीलाल आदि को जीवनयापन के लिए उक्त शासकीय भूमि को आबंटित किया गया था। साथ ही वर्ष 1954-55 की जमाबंदी अनुसार खसरा नं. 1221 के चुहरी तालाब की चुहरी खार के रकबा 34.94 एकड़ भूमि के लिए आवापासी तथा पशुओं के लिए पानी पिलाने के साथ चारागाह के लिए शासकीय भूमि को दी गई थी। परंतु पहली विशेष ध्यान देने वाली बात यह है कि ये लोग सन 1975-76 में अचानक भूमि स्वामी बनाकर संपूर्ण जमीन को अपना नाम करा लिया गया, जो निष्पक्ष जांच का विषय है।

## कृषि अधिकारी संघ ने वेतन संशोधन से लेकर संसाधन भत्ते की मांग, सामूहिक छुट्टी की दी चेतावनी



**महासमुंद।** 9 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। संघ के जिला अध्यक्ष अविनाश चंद्राकर ने कहा कि बिना संसाधन भत्ता मिले ऑनलाइन काम नहीं करेंगे एवं अधिकारी संघ की प्रमुख मांगों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी का वेतन 4300 ग्रेड पे करना शामिल है। साथ ही कृषि विस्तार अधिकारियों और कृषि विकास अधिकारियों के कार्य क्षेत्र का पुनर्निर्धारण की मांग है। संघ ने 2500 रुपए मासिक अस्थाई भत्ते की मांग की है। विभागीय कार्यों के लिए मोबाइल, इंटरनेट, लैपटॉप और स्टेशनरी हेतु संसाधन भत्ते की मांग भी की गई है। अतिरिक्त कार्यक्षेत्र के लिए सम्मान जनक भत्ते की मांग भी शामिल है। अन्य मांगों में पद का नाम मध्य प्रदेश के समान करने, गैर विभागीय कार्यों से मुक्ति, आदान सामग्री का भंडारण सेवा सहकारी समिति में करने और डीबीटी प्रणाली लागू करने की मांग शामिल है। साथ ही लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को तत्काल शुरू करने की मांग की गई है। संघ का कहना है कि ये सभी मांगें उचित हैं और शासन को इन्हें पूरा करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। मांगें पूरी नहीं होने पर सामूहिक छुट्टी पर जाने की चेतावनी दी गई है।

# जिले में बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टरों से हो रहा मुरूम का अवैध उत्खनन, कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध मुरूम खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। मुरूम माफिया बेफिक्र होकर बिना किसी डर के उत्खनन कर रहे हैं। इसके बावजूद इन माफिया को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। खनिज विभाग के अधिकारी भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला मुख्यालय से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के समीप नयापारा भलेसर में। बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टरों से अवैध मुरूम परिवहन का कार्य प्रतिदिन जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग सप्ताहभर से लगातार यहां पर जेसीबी से खनन कर बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टर में मुरूम भरकर ले जाया जा रहा है। प्रशासन की लापरवाही के चलते मुरूम माफिया बेलगाम हो चुके है। अगर यही स्थिति रही तो पर्यावरण को होने वाले नुकसान के साथ-साथ ग्रामीणों के जान खतरे में पड़ सकती है।



नयापारा भलेसर में लगभग 10 से अधिक ट्रैक्टर को ट्राली पर जेसीबी मशीन से मुरूम खनन कर लोड किया जा रहा हैं। यह तक वहीं मुरूम सप्लाई कर रहे ट्रैक्टर में किसी प्रकार की नंबर नहीं लगा है एवं चालक द्वारा निडरता से शहर ले जा रहा है।

ना पंचायत में प्रस्ताव और ना ही खनिज विभाग की अनुमति गहरी खुदाई करने के लिए ना ही पंचायत में प्रस्ताव पारित किया गया है ना ही खनिज विभाग से अनुमति ली गई। ग्रामवासियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिना ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के अधिकतर कार्य किए जा रहे हैं। मनमर्जीपूर्वक काम होने से लोगों में आक्रोश है। विरोध करने वाले को खुले आम धमकी दी जाती है जिससे लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है।

### बाइक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

**झलप।** पटेवा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम लखनपुर में मिडिल स्कूल के पास दुर्गा पंडाल के सामने बाइक सवार युवक ने 75 वर्षीय बुजुर्ग नंदलाल भोई को टक्कर मारी, जिससे वो दूर गिर गए, उनके सिर और चेहरे चोट लगी। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन लगातार खून बहने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## 9 क्विंटल से अधिक गांजा को किया गया नष्ट



**महासमुंद।** तस्करी के मामलों में जब्त किए गए नशीले पदार्थों को नष्ट किए जाने की कार्रवाई डिस्पोजल पखवाड़ा के तहत आगामी 5 दिन तक जारी रहेगी। इसी तारतम्य में गृह मंत्रालय के निर्देश के तहत नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस ने मुढ़ेना स्थित बालाजी पावर प्लांट में करोड़ों रुपए के 09 क्विंटल से अधिक गांजा को नष्ट किया। बता दें कि पुलिस ने सबसे पुराने मामले वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 17,18,19, 23 के विभिन्न थानों के 31 प्रकरण में जब्त गांजे को नष्ट किया है।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारियों ने घेरा कलेक्टोरेट

# बिजली बिल में बढ़ोतरी व कटौती को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिजली बिलों की बढ़ोतरी, बार-बार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी (जेसीपी) मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर एक दिवसीय जबर गोहार के तहत धरना प्रदर्शन किया। पार्टी पदाधिकारियों की मानें तो आम जनता इस मुद्दे पर राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद करेगी। प्रदर्शन के दौरान जनदर्शन में राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

जेसीपी जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव एवं मीरा पटेल ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बिना कोई कारण के अचानक बिजली दरों में भारी-भरकम बढ़ोत्तरी कर दिया गया है। पहले की अपेक्षा दोगुना तिगुना ज्यादा बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है। इस कारण से छत्तीसगढ़ की आम जनता का घरेलू बजट बुरी तरह से बिगड़ चुका है। इस बिजली सप्लाई करने वाले राज्य में दोहरी गरीबी की मार आम जनता झेलने पर मजबूर है। दूसरी तरफ हसदेव तमनार जैसे हमारे घने जंगलों की काट-उजाड़ कर कोयला निकालने वाले और हमारे खेतों पर कारखाना चलाने वाले उद्योगपतियों को यही सरकार बिजली में सब्सिडी देती है। उनके करोड़ों के बिजली बिल माफ कर देती है। छत्तीसगढ़ देश के अनेक राज्यों को बिजली देता है लेकिन इस धरती के असली मालिक छत्तीसगढ़ के निवासियों को ही आज रोज बिजली कटौती और बेहिसाब बिजली बिलों की ज्यादती का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश की आम गरीब जनता के अभिभावक होने के नाते हमें उपरोक समस्याओं से तत्काल निजात दिलाएं एवं सरकार को बिजली बिल हाफ के अपने आश्वासन में कायम रहने की बाध्य करें। सरकार उद्योगपतियों के निजी हितों के बजाय छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति जवाबदेह हो अन्यथा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी विद्युत अनियमितताओं के मुद्दों पर उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।





### किसानों और आम जनता पर असर

जेसीपी का कहना है कि सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर करोड़ों का बिजली बिल बकाया है, लेकिन गरीब उपभोक्ताओं से वसूली बढ़ा दी गई है। इससे घरों का बजट बिगड़ रहा है और किसानों की खेती पर सीधा असर पड़ रहा है।

## स्कूल में बड़ा हादसा टला, स्कूल के छत का प्लास्टर गिरा, पालकों का फूटा गुस्सा



**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा ब्लॉक में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला खड़ादरहा में बीती रात एक बड़ा हादसा होते टल गया। यहां स्कूल के दो कमरों की छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि घटना के समय स्कूल बंद था और बच्चे मौजूद नहीं थे। हालांकि, इस घटना ने स्कूल भवन की जर्जर हालत की पोल खोल दी है। ग्रामीणों और पालकों में भारी नाराजगी देखी गई।

सुबह गांववासियों ने स्कूल के गेट पर ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने भवन की मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया। प्राथमिक शाला खड़ादरहा में करीब 35 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिससे भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल भवन की मरम्मत और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### गले लगाया और चाकू से कर दिया वार

**महासमुंद**। पुरानी रंजिश खत्म करने के बहाने ले जाकर एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी गजानंद वार्ड नं 8 झिलमिला सरायपाली ने बताया कि 22 सितंबर की शाम 4 बजे वह हाट बाजार बैदपाली के पास खडा था, तभी सैयद सलमान, दिनेश राजपूत के साथ अपने मोटर सायकल से उसके पास आया। दौरान सैयद सलमान अली ने कहा कि कि पूर्व में हुए विवाद को आपस में बैठकर निपटारा कहा और अपनी बाइक से लेकर ग्राम बानीगिरोला की तरफ गया। ग्राम बानीगिरोला के बस्ती के पास पानी गिरने लगा, तब वे लोग बस्ती में खड़े होकर आपस में बातचीत किए और उसके बाद सैयद सलमान अली ने आज से तेरी मेरी दुश्मनी खत्म कहते हुए प्रार्थी को गले लगाया और पीछे से कुछ धारदार चाकू जैसी वस्तु से दाहिने कमर के पास मारा। इस दौरान आरोपी सैयद सलमान अली ने उसके ऊपर दो-तीन बार और हमला किया, प्रार्थी को मारता देख दिनेश राजपूत ने बीच बचाव किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप में महासमुंद के भरत संदीप-पूनम होंगे शामिल

**महासमुंद**। 6वीं जूनियर एवं सीनियर सी राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप का आयोजन 28 सितंबर से 01 अक्टूबर 2025 तक विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश में किया जा रहा हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से 29 खिलाड़ी शामिल होंगे। जिले के 01 जूनियर एवं 02 सीनियर खिलाड़ी शामिल होंगे। राष्ट्रीय जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए जिले के भरत साहू एवं संदीप पटले तथा पूनम पटले का चयन सीनियर वर्ग में हुआ है। संदीप पटले व पूनम पटले पति-पत्नी है, ऐसा पहली बार हो रहा है कि एक दंपति जोड़ी छत्तीसगढ़ प्रदेश से चयनित होकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। पिछले साल भी पूनम पटले ने सिविल सर्विस नेशनल योग चैंपियनशिप चंडीगढ़ पंजाब में आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया व अच्छा प्रदर्शन किया था, संदीप पटले भी शतरंज के नेशनल कोच आर्बिटर (निर्णायक) व खिलाड़ी हैं तथा महासमुंद जिले में शतरंज के खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं। संदीप व पूनम सीनियर सी के सोपाईन इवेंट में अपना प्रदर्शन करेंगे। दंपति के नेशनल चयन होने पर महासमुंद जिला के खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे, गणेश कोसरे, सेवन दास मानिकपुरी, योगासन भारत के अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे, महासचिव विनोद राठी, आर्बिटर राकी देवांगन, अनिश अंसारी, अनिल शर्मा, भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि के राज्य कार्यकारी तिलक साव, महिला पतंजलि राज्य कार्यकारिणी हेमलता साहू ने हर्ष जताया है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नायडू की मनाई पुण्यतिथि

**रायपुर**। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और रिटायर्ड प्रधानपाठक स्व. पी. जगन्नाथ राव नायडू की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था द्वारा शहीद स्मारक भवन में रविवार को किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में पं. आचार्य प्रहलाद मिश्रा, पूर्व डीआईजी प्रदीप नारायण तिवारी, बबीता नत्थानी, अनिरुद्ध दुबे, प्रहलाद पांडे, परसराम अहीर, बसंत कश्यप, चंद्रकांत पांडे, अजय जैन, प्रो. किशोर अग्रवाल, अजय सोनी, रमा जोशी, शशि पांडे सहित उनके परिजन पी. शंकर नायडू, पी. संतोष नायडू, वीआर नायडू आदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के सदस्यों शामिल थे।

# प्राथमिक साख सहकारी समिति खेमड़ा की आमसभा में लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा मुनगासेर के अंतर्गत प्राथमिक साख सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 1373 खेमड़ा में बीते दिनों आम सभा का आयोजन किया गया। यहां प्राधिकृत अध्यक्ष चंदूलाल साहू के प्रतिनिधि के रूप राजेश साहू उपस्थित रहे। सभा को संचालित करने हेतु सभापति राजेश साहू को बनाया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक पन्नालाल सेन समिति प्रबंधक, जोगेंद्र साव पूर्व अध्यक्ष, छबीलाल चक्रधारी, कार्तिकराम चक्रधारी, मोरध्वज चक्रधारी, नोहर लहरे, संजय चंद्राकर रवि शंकर चंद्राकर, दामेश्वर चक्रधारी, लक्ष्मण शर्मा, सुरेश डड़सेना, जितेंद्र क्षत्री, मोहर सिंह नोहर, ललित बया उपस्थित रहे। आम सभा की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर पूजन अर्चन कर की गई। बाद आम सभा में चर्चा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी किया गया, जिसमें तत्कालीन प्रभारी घांसी राम नागवंशी द्वारा ब्योरा दिया गया। जिसमें 23 सौ क्विंटल धान का सूखत शार्टेज बताया। वहीं समिति को 29 लाख रुपए की नुकसान बताया। खाद बीज राशन सामग्री का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान किसानों ने प्रभारी प्रबंधक जोगेंद्र साव से पूछे गए कि इस बार यूरिया डीएपी खाद




समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों को बहुत ही परेशानी झेलनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त खाद का भंडारण नहीं होना बताया। आम सभा में 252 बोरी यूरिया खाद के लिए किसानों और वहां के कर्मचारी के बीच तनातनी आक्रोश देखा गया। किसानों ने समिति प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाया है कि बोडरीदादर के एक किसान को 100 बोरी यूरिया खाद किस आधार पर दिया गया, इसका रकबा 1.43 दर्ज है। लगभग साढ़े तीन एकड़ जमीन है और एक सौ बोरी यूरिया खाद किस आधार पर किसानों ने समिति प्रभारी से पूछा कि उन्होंने बताया कि प्रति एकड़ दो बोरी यूरिया खाद तीन एकड़ संतावन डिसमिल में 7 से 8 पैकेट यानी 90 पैकेट खाद किस आधार पर दिया गया है, वे किसान कृषि केंद्र संचालक निकला प्रभारी द्वारा 252 बोरी यूरिया खाद की हेराफेरी कर कृषि केंद्र संचालक को बेचा गया है। किसानों ने आम सभा में प्रस्ताव रखा कि इस समिति में डाटा एंट्री ऑपरेटर का पद रिक्त है, जिस पर नियुक्ति विज्ञापन जारी कर योग्य अभ्यर्थी को नियुक्त करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रकार तत्कालीन प्रभारी घासीराम नागवंशी वर्तमान में लिपिक पद पर कार्यरत है, जो सहकारिता नियम के तहत 29 लाख रुपए की वसूली किया जाए। 250 पैकेट यूरिया खाद की हेराफेरी का मामला सामने आया है। शासन-प्रशासन से कार्रवाई की मांग किसानों ने की है। शाखा प्रबंधक सेवक राम चंद्राकर मुनगासेर का कहना है कि जांच कर ही बता पाऊंगा। यदि जांच में सही पाया गया। गड़बड़ी करने वाले कर्मचारी को पद से मुक्त किया जाएगा।

**नेक कार्य : समस्या को देखते हुए अब एक परिवार ने उठाया नेक काम का बीड़ा**

# छिलपावन श्मशान घाट में शेड न होने से बारिश में करना पड़ा मुश्किलों का सामना

डिम्पल सलूजा ▶▶| झलप

बारिश के दिन...जब प्रकृति अपनी पूरी शक्ति से बरस रही होती है, तो यह हर जीव के लिए एक चुनौती बन जाती है। लेकिन सोचिए, इसी बारिश में जब कोई अपने सबसे प्रिय को अंतिम विदाई दे रहा हो, तो उस पर क्या बीतती होगी। छत्तीसगढ़ के झलप के पास बसे छोटे से गांव छिलपावन के लोगों के लिए यह एक कड़वी हकीकत है। यहां के श्मशान घाट में एक शेड तक नहीं है, जिसकी वजह से बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार के दौरान न सिर्फ श्रद्धांजलि देने आए लोगों को भीगना पड़ता है, बल्कि चिता को भी बारिश से बचाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

ग्रामीणों की मांग को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा था। उन्होंने कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी दर्द को पिछले दिनों छिलपावन निवासी खनूजा परिवार ने महसूस किया, जब उन्हें अपनी मां को आखिरी विदाई देनी थी। जिस दिन उनका निधन हुआ, उसी दिन बारिश हो रही थी। खुले आसमान के नीचे चिता की आग जलाना लगभग नामुमकिन था। परिवार और गांव वालों ने मिलकर किसी तरह अंतिम संस्कार तो पूरा किया, लेकिन इस दौरान हुई परेशानी ने उन्हें अंदर तक हिला दिया। यह सिर्फ एक अंतिम संस्कार नहीं था, बल्कि मानवता और सम्मान की एक दर्दनाक परीक्षा थी। अंतिम संस्कार के दौरान हुई इस पीड़ा को देखकर खनूजा परिवार ने एक



साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने तय किया कि वे अब और किसी को ऐसी परेशानी से जूझने नहीं देंगे। शासन-प्रशासन की मदद का इंतजार किए बिना, खनूजा परिवार ने अपने निजी खर्च पर श्मशान घाट पर एक शेड बनवाने का बीड़ा उठाया है। इस नेक काम की शुरुआत हो चुकी है और जल्द ही यह शेड तैयार हो जाएगा।

यह घटना दिखाती है कि कैसे कुछ लोग सरकारी तंत्र की उदासीनता के बावजूद अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। खनूजा परिवार का यह कदम न सिर्फ छिलपावन के लोगों को एक बड़ी राहत देगा, बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है। यह दिखाता है कि जब सरकारें नहीं सुनतीं, तो आम लोग खुद आगे आकर बदलाव ला सकते हैं। यह श्मशान घाट अब सिर्फ अंतिम संस्कार का स्थान नहीं रहेगा, बल्कि यह उस परिवार की उदारता और समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता का प्रतीक भी बनेगा।

# संकुल स्तरीय बैठक में अनेक बिंदुओं पर चर्चा

**बसना**। संकुल स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन समेत अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, बद्री विशाल जोलहे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, लोकेश्वर सिंह कंवर बीआरसीसी, अनिल सिंह साव मौजूद रहे। संकुल समन्वयक अरुण कुमार प्रधान, मास्टर ट्रेनर शरण कुमार दास, पुनीत राम डडसेना, जितेंद्र कुमार भोई, नरेंद्र कुमार पटेल, केके यादव, गोकुल प्रसाद नंद, शरण कुमार दास, यहसेनी हरिपाल, लोकेंद्र प्रधान, सत्यभामा कुमार अन्नपूर्णा बुडेक, सत्यनारायण जगत,मालिक राम नाग रुड़कुमार प्रधान, सुरेंद्र कुमार बांक समेत संकुल के सभी शिक्षक सम्मिलित हुए।



बैठक में मध्याह्न भोजन की एंट्री प्रतिदिन हो अन्यथा राशि जारी नहीं की जाएगी। क्वालिटी से समझौता न हो। सूचना पंजी में गुणवत्ता का स्तर लिखना है। आचार पापड़ सप्ताह में, मौसमी और हरी सब्जी, सामान रख रखाव में स्वच्छता हो। न्योता भोज की संख्या में वृद्धि, शाला भवन नहीं है उनका प्रस्ताव, जाति प्रमाण पत्र बनाना, 15 दिन के भीतर आवेदनों (सेंट बैक) को रिप्लाई करना, 17 सितंबर से 2 अक्टूबर स्वच्छता पखवाड़ा में जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण, निजी विद्यालयों में नर्सरी केजी1 केजी 2 की संख्या, 5वीं व 8वीं अंकसूची में त्रुटि को सुधार, शराब सेवन एवं पॉक्सो एक्ट वाले शिक्षकों की जानकारी तत्काल देना, अलर्ट करना, 112 को कॉल कर एमएलसी परीक्षण करके विभाग द्वारा एफआईआर करवाना है, नहीं तो पंचनामा और वीडियोग्राफी, एक पेड़ मां के नाम की प्रक्रिया पूरा करना, अपार आई डी पूर्ण, यूडीआईएसई 25 सितंबर तक पूर्ण करना, दिव्यांग बच्चों की सूची एवं प्रयास फॉर्मेट में फॉर्म जमा करना, बलवाड़ी की जानकारी अपडेटेड रखने पर चर्चा की गई।

# चावल हेराफेरी मामले में दोषियों को बचाने का आरोप, एफआईआर की मांग

**महासमुंद**। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कहा कि लाखों के चावल हेराफेरी मामले में दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन केवल वसूली की बातें कर रहा है, लेकिन न तो अब तक वास्तविक वसूली हुई है और न ही दोषियों पर एफआईआर दर्ज की गई। राजवानी ने कहा कि कठोर कार्रवाई न होना यह स्पष्ट करता है कि प्रशासन और तथाकथित "सुशासन की सरकार" दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि इस घोटाले में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का के परिजनों का नाम सामने आया है और उन्हें बचाने



के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर एनएसयूआई पदाधिकारी ग्राम खट्टी पहुँचे और प्रदेश प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि दोषियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्हें भविष्य में किसी भी समिति या सार्वजनिक वितरण प्रणाली संचालन से प्रतिबंधित किया जाए। एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा। साथ ही कहा कि अगर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में किसी भी मंत्री को जिले में चावल भेंट कर विरोध दर्ज कराया जाएगा। इस अवसर पर शुभम चंद्राकर, होरीलाल साहू, मोहम्मद शादाब, रतन पाल, मोहित साहू, बबलू कन्नौजे, आशीष चंद्राकर, भुवनेश्वर दीवान, फलेंद निषाद, निशु मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# स्वर्णकार समाज की महिला प्रदेशाध्यक्ष बनीं सुषमा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान ने अपना वार्षिकोत्सव स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय स्वर्णकार तीन दिवसीय महासमागम का सम्मेलन स्वर्णकारों की पुण्यभूमि हस्तिनापुर जिला मेरठ में 14 से 16 सिंतबर 2025 तक आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में 16 राज्यों से पदाधिकारीगण शामिल हुए। इसमें छत्तीसगढ़ से सुषमा सोनी को प्रदेश महिला अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्वर्णकार भारतीय सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरनाथ सोनी, प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सोनी स्वर्णकार महासमागम में सम्मिलित हुए थे।

# मां रामचंडी में करीब 3100 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

गढ़फुलझर स्थित मां रामचंडी मंदिर में बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज की कुल देवी के रूप में मां रामचंडी विराजित है, जो आस्था और श्रद्धा का मुख्य केंद्र बनता जा रहा है। सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध गढ़फुलझर के प्राचीन दुर्ग पर विराजित मां रामचंडी मंदिर में शारदीय नवरात्र को लेकर लोगों में भारी उत्साह है।

रामचंडी मंदिर समिति अध्यक्ष चंद्रकांत भोई ने बताया कि नवरात्र का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ कलश ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस बार मां के दरबार में करीब 3100 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं। मनोकामना ज्योत जलाने के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित हुए। संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि प्रतिदिन संध्याकालीन आरती के पश्चात भजन कीर्तन एवं जस गीत का आयोजन रखा गया है। प्रत्येक दिन भक्तों के लिए भोग भंडारा भी रखा गया है। भोग भंडारा के लिए ठाकुरपाली शाखा सभा के साथ-साथ सभी शाखा सभाओं को अलग-अलग तिथियों में जिम्मेदारी दी गई है।



शाम 4 बजे रणेश्वर रामचंडी सेवा समिति द्वारा लगातार आठवां वर्ष भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई है। छत्तीसगढ़िया कटप्पा एवं उसकी टीम इस चुनरी यात्रा का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। दीपक प्रधान ने बताया कि यह यात्रा नानकसागर से तोषगाँव चौक होते हुए गढ़फुलझर की मुख्य बस्ती का भ्रमण करते हुए मां रामचंडी परिसर में समाप्त हुई, जहां मां की चरणों में चुनरी समर्पित की गई। इस वर्ष माता को नौ दिनों के लिए नौ चुनरी के साथ-साथ आभूषण एवं श्रृंगार सामग्री भी अर्पित की गई। चुनरी यात्रा के साथ कर्मा, जसगीत, डीजे के साथ-साथ छत्तीसगढ़ कटप्पा के रूप में मशहूर अविनाश दास की नृत्य पार्टी भी सम्मिलित हुई। विभिन्न वेशभूषा पहने कलाकारों द्वारा दिखाये गये हैरतअंगेज करतब से श्रद्धालु अचंभित थे। विशाल चुनरी यात्रा को देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर संध्या आरती में भाग लिये। भव्य आतिशबाजी के साथ यात्रियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुल कार्यकारिणी सभा, आंचलिक सभा, ग्राम सभा एवं मंदिर समिति के पदाधिकारीगण के साथ-साथ बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।



# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने वाली दिव्या का किया स्वागत

**महासमुंद**। महासमुंद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली फीबा कप बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट के चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली महासमुंद की शान दिव्या रंगारी के शहर आगमन पर फूल गुलदस्ता व आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू, सुरेश चंद्राकर, आरएन वर्मा, रामेश्वर चंद्राकर, सतीश गौतमारे, ईश्वर साहू, कृष्णा साहू आदि मौजूद रहे।

# राजनेताओं के बदलते रूप से क्षेत्र का औद्योगिक विकास रुका : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा स्वाध्याय केंद्र सभागार में 'महासमुंद क्षेत्र के विकास में औद्योगिक संभावनाएं' विषय पर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किए। मंच पर प्रमुख वक्ताओं में पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, उद्योगपति पारस चोपड़ा, वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेंद्र राठौर, पत्रकार बाबूलाल साहू, कृषक महेश चंद्राकर, स्वाध्याय केंद्र समिति के नव अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही, युवा प्रतिनिधि वंदना सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन करते हुए लक्ष्मीकांत तिवारी ने गोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के संयोजक मोहन साहू और सह संयोजक माखन पटेल रहे।

स्वाध्याय केंद्र द्वारा महासमुंद के विकास में औद्योगिक संभावनाएं विषय पर आयोजित गोष्ठी पर बोलते हुए मुख्य वक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने इसके लिए मुख्य रूप से जनप्रतिनिधियों एवं अगले क्रम में प्रशासन एवं शासन को दोषी ठहराते हुए कहा कि रोजगार के अवसर अब ज्यादातर उद्योग से ही पैदा हो सकते हैं, जिसमें लघु से लेकर बड़े उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। महासमुंद में दो राष्ट्रीय




राजमार्ग, रेलवे लाइन और महानदी का अथाह जल है, जो उद्योग के लिए जीवनदायिनी है। परंतु, अपने स्वार्थ को लेकर राजनेताओं के बदलते पैतरे ने लोगों लोगों को भ्रम में डाला है। वहीं शासन-प्रशासन, उद्योगों से होने वाले प्रदूषण एवं आम लोगों की समस्याओं को लेकर उदासीन हैं, जिसके कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उद्योगपति पारस चोपड़ा ने कहा कि हमें अपने ही देश में बने सामानों का उपयोग करना चाहिए। इससे स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलेगी और अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। पत्रकार बाबूलाल साहू ने विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि क्षेत्र का विकास केवल सरकार या उद्योगपतियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए सभी लोगों को मिलकर दृढ़ इच्छाशक्ति से काम करना होगा। उन्नत किसान महेश चंद्राकर ने उद्योगों के पर्यावरण और सामाजिक दायित्वों पर ध्यान केंद्रित किया और बताया कि उद्योगों से निकलने वाला दूषित जल अक्सर खेती की जमीन और जल स्त्रोतों को प्रदूषित करता है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने महासमुंद के विकास के लिए सरकार की योजनाओं और संभावित परियोजनाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि क्षेत्र में एक बड़े और आधुनिक अस्पताल की आवश्यकता है। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार बहुत जरूरी है और सरकार इस दिशा में काम कर रही है। वंदना सेन ने महासमुंद के विकास में लघु और कुटीर उद्योगों की भूमिका पर जोर दिया। आभार प्रदर्शन स्वाध्याय केंद्र समिति के नव अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही ने किया।

इस अवसर पर देवीचंद राठी नपा उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर साहू, नारायण ठाकुर, गोवर्धन प्रधान, पवन साहू, राजेश डड़सेना, खगेंद्र तारक, जितेंद्र साहू, सुरेंद्र ठेठवार, सुरेश कन्नौजे, पार्षद पीयूष साहू, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, पूर्व पार्षद संदीप घोष, श्रेयांश चोपड़ा, अमित सोनी, आदित्य चोपड़ा, मुन्ना साहू, जीवन साहू, भाजपा नेता महेंद्र जैन, रविंद्र जैन, राजेश साहू, शरद राव, सुरेंद्र महाराज, शंकर ध्रुव, गोपी ध्रुव, तारेंद्र यादव, चंद्रलेखा साहू, दुर्गा चंद्राकर सहित क्षेत्र के युवा, किसान, उद्यमी, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### साहू सदन लोकार्पण व वार्षिक अधिवेशन आज

**बागबाहरा।** लालपुर स्थित नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण व सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र 4 का वार्षिक अधिवेशन 24 सितंबर बुधवार को सुबह 11 बजे से होगा। जिसमें मां कर्मा पूजन आरती सुबह 11 बजे प्रारंभ होना है। तत्पश्चात अतिथियों का सम्मान, स्वागत, उद्बोधन के साथ नव निर्मित भवन का लोकार्पण अतिथियों की उपस्थिति में होगा। इसी कड़ी में वार्षिक अधिवेशन व आय-व्यय के साथ नए कार्यकारिणी का गठन प्रारंभ होगा।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ महासमुंद के अध्यक्ष धरम दास साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल अध्यक्ष नपा बागबाहरा, विशिष्ट अतिथि भेखलाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बागबाहरा, विशेष अतिथि मूलचंद साहू अध्यक्ष सुरमाल क्रमांक 1, प्रेशन साहू अध्यक्ष सुरमाल क्रमांक 2, तुलसी राम साहू अध्यक्ष सुरमाल क्रमांक 3, सेवा राम साहू अध्यक्ष जय मां खल्लारी परिक्षेत्र, खेमराज साहू अध्यक्ष सिंघी परिक्षेत्र, भुवन साहू अध्यक्ष तेंदूकोना परिक्षेत्र, राजेंद्र साहू अध्यक्ष टेमरी परिक्षेत्र, रूखमणि विश्वनाथ साहू जनपद सदस्य बागबाहरा, रमेश ठाकुर पार्षद वार्ड नं.6, मेनका पोखराज साहू पार्षद वार्ड नं.8, प्रेम साहू पार्षद वार्ड नं.11, शैलेश साहू पार्षद वार्ड नं. 4, काजल गजेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिहाझर, लीलेश्वर साहू सरपंच ग्राम पंचायत बकमा होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र न.4 के अध्यक्ष देवेश साहू ने समस्त परिक्षेत्र के ग्रामीण पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, मातृ शक्तियों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## जय माता दी



**महासमुंद।** स्थानीय पंजाबी पारा में नौ रूपों में विराजित माता की प्रतिमा।

## नयापाराकला-मोहंदा में दुर्गा प्रतिमा स्थापना के साथ ज्योति प्रज्वलित





**अरंड (पिथौरा)।** नयापाराकला में आदर्श दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई है। साथ ही ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है। ग्राम के सरपच शशि दीवान, उपसरपंच अगनीबाई ठाकुर, गंगा राम दीवान अध्यक्ष, विभीषण बरिहा उपाध्यक्ष, शालित राम बरिहा, कुशाल सिंह ध्रुव, हरिशंकर बरिहा, चोवालाल ध्रुव, देव कुमार दीवान, योगेश सेन, चंद्रहास बरिहा, सुरेश दीवान, तोषण ध्रुव, नरेंद्र जिंदल, सोनू राम दीवान, मनीष मिश्रा, सोन सिंह दीवान, भागीरथी दीवान, राजकुमार पटेल, लालाराम पटेल, दलसिंह बरिहा, नंदकुमार यादव, तेजराम बंजारा, घनश्याम पटेल, लक्ष्मण बरिहा, आसाराम ध्रुव, फगनुराम बरिहा, जय सिंह ध्रुव, निलेश ध्रुव, खेमलाल दीवान आदि माता की सेवा में जुटे हुए हैं। इसी तरह ग्राम मोहंदा में दुर्गा उत्सव समिति स्कूल पारा द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित गई है। सरपंच नर्मदा ध्रुव, पायल ध्रुव, विमला ध्रुव, एवन ध्रुव, राजकुमारी विश्वकर्मा, डिगेश्वरी ध्रुव, सुमन खड़िया, मथुरा बारिहा, हेमिन दीवान, दुलारी यादव, गणेशाराम यादव, कामता प्रसाद यादव, खेमराज मिर्धा, लोकनाथ यादव, बलिराम, राम चरण, गोकुल बरिहा, अमरजीत यादव, नूतन मिर्धा समस्त ग्रामवासी।

### कार्यक्रम : खट्टी में जिले के प्रभारी मंत्री ने किया महतारी सदन का लोकार्पण

# महतारी सदन महिलाओं की आर्थिक समृद्धि -समरसता की नई पहचान बनेगीः बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य स्तरीय महतारी सदन लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी के करेलीबाड़ी से वर्चुअल रूप से जुड़कर 51 महतारी सदनों को मातृशक्ति को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण किया गया है। उन्होंने 17 जिलों के 51 महतारी सदनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया तथा सभी महिलाओं को बधाई दी।

इस अवसर पर जिले के ग्राम खट्टी में आयोजित महतारी सदन लोकार्पण कार्यक्रम में राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा मंत्री बघेल ने फीता काटकर महतारी सदन का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने महतारी सदन का अवलोकन भी किया। इस दौरान महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट एवं गाइड जिलाध्यक्ष येतराम साहू,जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जनपद पंचायत महासमुंद अध्यक्ष दिशा दीवान, उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर,नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, महेंद्र सिक्का, प्रकाश शर्मा, आनंद साहू, दिग्विजय साहू, खट्टी की सरपंच अनिता मेहरा उपस्थित रहे।



इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार ने जो महतारी सदन की परिकल्पना की है, वह वास्तव में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व से आज हमारी बहन-बेटियों को न सिर्फ काम करने का अवसर मिल रहा है, बल्कि उन्हें सामूहिक निर्णय लेने और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने का भी मौका मिल रहा है।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि महतारी सदन केवल एक भवन नहीं, बल्कि यह हमारी बहन-बेटियों के सपनों को साकार करने का केंद्र बनेगा। यहाँ से महिलाएँ स्वावलंबन की दिशा में नए आयाम तय करेंगी और गांव की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाई पर ले जाएँगी। बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से प्रदेश में महिलाओं के लिए यह विशेष पहल संभव हो सकी है। कार्यक्रम को चंद्रहास चंद्राकर, येतराम साहू, भीखम साहू ने भी संबोधित किया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि दूसरे चरण में महासमुंद जिले में कुल 17 महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी व भोरिंग, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हारिया और खल्लारी, बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़फुलझर, सिंघनपुर और भंवरपुर तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केंदुआ और तोषगांव में महतारी सदन का निर्माण होगा। कार्यक्रम में लखपति दीदियों को चेक वितरण किया गया। साथ ही पंचायतों में क्यूअर कोड का जारी किया गया। इस अवसर पर महिला समूह के सदस्य, ग्रामीण महिलाएं, नागरिक मौजूद थे।

# स्वच्छता से बढ़कर कोई कार्य नहींः निखिल




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 पखवाड़ा अंतर्गत सोमवार को नगर के लोहिया चौक स्थित डोम में स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता दीदियों ने रंगोली बनाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद आम नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। नागरिकों को जागरूक होकर दूसरे लोगों को भी स्वच्छता का संदेश देना होगा। जन जागरूकता से हम स्वच्छता अभियान को एक बड़े स्तर पर ले जा सकते हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के सफाई मित्रों से कहा कि सर्व समाज के लोग को ज्यादा से ज्यादा जोडकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करें, तभी स्वच्छता का संकल्प पूरा हो सकेगा। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन की स्वच्छता दीदियों ने लोहिया चौक के पास बने डोम में सुंदर रंगोली बनाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, सुपरवाइजर रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, मोहनदास मानिकपुरी, अजय घृतहरे, अजय प्रधान, नीलम कुलदीप, चेतन प्रधान, कार्तिक यादव, भोलानाथ तांडी, माधव यादव सहित बड़ी संख्या में सफाई मित्र नागरिक उपस्थित थे।

# 125 मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन के साथ तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत भाजपा मंडल कोमाखान के तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का तृतीय एवं अंतिम दिवस आयोजन दुरुस्त जंगल ग्रामीण क्षेत्र खैरटकला गांव में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक राहुल चंद्राकर, मंडल संयोजक भेखलाल(सागर)चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, सरपंच छतरसिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पंकज जैन, भीमा साहू, मंडल पदाधिकारी केवल नेताम, भाजपा नेता माधव मांझी, सुरेश पटेल, उपसरपंच बल्ला ठाकुर, नरेंद्र पटेल, बलराम सिन्हा, रमन सिन्हा आदि शिविर



उदघाटन सत्र में उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने शिविर का लाभ लेने आए मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम जिला संयोजक राहुल चंद्राकर ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में अधिक से अधिक सेवा कार्य करने की सभी से अपील की। मंडल अध्यक्ष नितिन जैन ने शिविर के सफल आयोजन के लिए ग्राम पंचायत परिवार की प्रशंसा की। कार्यक्रम मंडल संयोजक भेखलाल (सागर) चंद्राकर ने शिविर में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। शिविर के समापन में जनपद सदस्य लोचन पटेल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, मंडल महामंत्री लेखमणि पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता सोसायटी अध्यक्ष हलधर चंद्राकर, नारायण यादव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार ठाकुर आदि शामिल हुए। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय इस विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र जांच, चश्मा वितरण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 521 लोगों ने स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कराया 252 लोगों को चश्मा वितरण कर 145 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिसमें 125 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाने हेतु रायपुर भेजा गया।

### गली में कब्जा कर बनाया जा रहा है दुकान, रोकने की मांग

**महासमुंद।** कचहरी चौक के व्यवसाइयों ने कलेक्टर, नगर पालिका समेत तहसीलदार, थाना प्रभारी, नपाध्यक्ष को आवेदन देकर तहसील कार्यालय के सामने भारती टाइपिंग के बाजू में हो रहे अवैध निर्माण पर आपत्ति जताते हुए रोक लगाने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में अधिवक्ता जितेंद्र साहू, जवाहर लाल साहू, ललित बुंदेल, हेमराज साहू, सुशील चंद्राकर, संजय घोष, दंतेश्वरी कप्यूटर आदि ने नामजद शिकायत करते हुए कहा है कि 31 सितंबर से प्रत्येक रात्रि में शासकीय जगह पर रातों-रात दुकान निर्माण किया जा रहा है। उक्त जगह शासकीय भूमि के साथ ही गली के रूप में छोड़ा गया है। ये दुकानदार उस गली में अवैध निर्माण करते हुए दुकान बना रहे है। दुकानदारों ने इस अवैध निर्माण को रोकने और गली को यथावत रखने की मांग की है।

### नांदगांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



**महासमुंद।** सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में देवकुमार पटेल, खेलु पटेल द्वारा अपने पिता की स्मृति में स्कूल व आंगनबाड़ी के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख शीला चंद्राकर, शिक्षकगण अजय कुमार बंजारे, कमलेश कुमार पटेल, पोखन चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, विनेश पांडे, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता सानिया पटेल उपस्थित रहे।







## खबर संक्षेप



### कर्मा महाविद्यालय में स्वदेशी खेल आयोजित

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में राज्य एनएसएस अधिकारी नीता बाजपेई, समन्वयक प्रोफेसर एलएस गजपाल, जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसबी कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वदेशी खेल का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत कितने भाई कितने ऐसे कैसे, राम रावण जैसे अन्य देसी खेल में छात्राएं शामिल हुईं। कार्यक्रम डॉक्टर सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ स्वयंसेवक देवयानी सोनवानी, अंकिता प्रधान, लक्ष्मी चंद्राकर, भूमिका, हिमांशी, सीमा, हर्षिता, सरस्वती ध्रुव, डागेश्वरी, मेघा, ज्योति, अनुराधा, दीप्ति, ऐश्वर्या, अंजलि, पायल, तनु, उमा, रेशमा आदि शामिल रहे। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सेवा मैराथन में भी महाविद्यालय के स्वयंसेवकों की सहभागिता रही। राष्ट्रीय सेवा योजना के इस देसी खेल के लिए डॉ स्वेतलाना नांगल, जेपी खटकर, डॉ मनोज शर्मा, ओम प्रकाश पटेल, अरविंद साहू एवं समस्त अध्यापकों ने हर्ष जताया है।



### माता दंतेश्वरी दर्शन के लिए गए ग्रामीण

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा 100 ग्रामीण दंतेश्वरी मंदिर व चित्रकोट जलप्रपात के दर्शन करने के लिए गए। 22 सितंबर को नवरात्रि पर्व के पहले दिन सुबह 6 बजे चित्र कोट जलप्रपात, दोपहर 2 बजे दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी माता की दर्शन किया। जिसमें दंतेवाड़ा माता मंदिर में दर्शन करने के लिए लोगों के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि मंदिर का नाम सती के दांत के गिरने के स्थान से जुड़ा है और मंदिर को बस्तर की सबसे सम्मानित देवी मां दंतेश्वरी को समर्पित किया गया है, जो 52 शक्ति पीठों में से एक है और काकतीय राजाओं की कुलदेवी भी है।



### मां दुर्गा शक्ति, साहस और धैर्य का प्रतीकः तुषार

**महासमुंद।** शारदीय नवरात्र पर ग्राम अछोली में भक्ति का माहौल है। नवरात्र के प्रथम दिन गांव के गुड़ी चौक में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और ज्योति कलश प्रज्वलित किया। इस अवसर पर अशवंत तुषार साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मां दुर्गा का आगमन हमारे जीवन में नई ऊर्जा और शक्ति का संचार करता है। यह पर्व हमें बताता है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है। यह नौ दिन हमें न केवल देवी की पूजा करने का अवसर देते हैं, बल्कि आत्म-चिंतन और आत्म-शुद्धि का भी संदेश देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मां दुर्गा शक्ति, साहस और धैर्य का प्रतीक हैं। उनका प्रत्येक रूप हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देता है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए और समाज में सकारात्मकता और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। तुषार ने कहा कि नवरात्र का यह पर्व नारी शक्ति का सम्मान करने का भी प्रतीक है। हमें हर रूप में नारी का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि वह सृष्टि की जननी और शक्ति का स्रोत है।

### मोबाइल टॉवर में लगे 24 बैटरी चोरी

**महासमुंद।** ग्राम भिथीडीह के एक खेत में लगे मोबाइल टावर से 24 नग बैटरी चोरी के मामले में पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 2 सितंबर की रात ग्राम भिथीडीह के शोभाराम सिन्हा के खेत में लगे मोबाइल टावर से 24 नग बैटरी कीमत करीबन 45000 रुपये की किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट के बाद अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# 6 सालों से स्कूल से गायब शिक्षक पर कार्रवाई नहीं, प्रभावित हो रही पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

जिले के छिंदौली में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पिछले 6 सालों से एक सहायक शिक्षक की अनुपस्थिति का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बच्चों की शिक्षा में बाधा से परेशान ग्रामीणों के ज्ञापन सौंपने के बाद, प्रशासन के विभिन्न अधिकारी भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कार्रवाई की तैयारी की जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर समन्वय की कमी भी दिख रही है।

शासकीय प्राथमिक शाला छिंदौली में कुल तीन शिक्षकों के पद हैं, जिनमें से एक सहायक शिक्षक अजीत कुमार अग्रवाल अगस्त 2018 से लगातार अनुपस्थित हैं। उनकी गैर-मौजूदगी के कारण स्कूल में सिर्फ एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक ही रह गए हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई का भारी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कलेक्टोरेट और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है, जिसमें अनुपस्थित शिक्षक को तत्काल हटाने और उनकी जगह नए शिक्षक की नियुक्ति की मांग की गई है।

## विभाग ने कई भेजा नोटिस, लेकिन अब तक नहीं मिला कोई जवाब

### जिला शिक्षा अधिकारी ने जताई अनभिज्ञता

जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने इस विषय पर अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि उपरोक्त जानकारी मेरे संज्ञान में नहीं है। इधर बीईओ का कहना है कि संबंधित को नोटिस जारी किया जा चुका है।




### मांग पूरी न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी

ग्रामीणों ने कहा है कि यदि जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं होती है, तो वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। इस मामले ने अब एक गंभीर मोड़ ले लिया है, जहां बच्चों के भविष्य के साथ-साथ प्रशासनिक जवाबदेही पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों की उम्मीद अब सिर्फ तत्काल और कड़ी कार्रवाई पर टिकी है।

### नोटिस जारी, लेकिन जवाब नहीं

इस मामले में जब क्षेत्र के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने चौंकाने वाले खुलासे किए। संकुल समन्वयक खिलावन कंडरा ने बताया कि वह हर महीने अनुपस्थित शिक्षक की जानकारी उच्च कार्यालय को भेजते हैं। इसका मतलब है कि यह मामला लंबे समय से जिला प्रशासन के संज्ञान में है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने कहा कि उन्होंने अब तक संबंधित शिक्षक को छह बार नोटिस जारी किया है। लेकिन, शिक्षक या उनके परिवार द्वारा जानबूझकर नोटिस नहीं लिया जाता है, जिससे आगे की कार्रवाई में रुकावट आ रही है। सिन्हा ने यह भी बताया कि इस मामले में जांच कमेटी बनाकर शिक्षक को सेवा से पृथक किया जा सकता है।

## आयोजन : नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत मैराथन दौड़ हुआ

# रास्ता बदल सकते है, मंजिल को नहीं: विधायक सिन्हा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रजत जयंती समारोह एवं सेवा

- कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, विजेताओं को किया गया सम्मानित

पखवाड़ा अंतर्गत मंगलवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सेवा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ की शुरूआत आयुष कार्यालय परिसर संजय कानन से हुई, जो कलेक्टोरेट परिसर में संपन्न हुई। मैराथन में युवा, बच्चे, दिव्यांग, बुजुर्ग, जनप्रतिनिधि व अधिकारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। दौड़ समाप्ति पर प्रतिभागियों को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर विनय लंगेह ने सुबह 8 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि आज युवाओं में नशे का प्रकोप बढ़ रहा है, जिसे रोकने जागरूकता आवश्यक है। स्वस्थ्य रहेंगे तभी स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। मैराथन एक माध्यम है कि हम स्वस्थ्य रहकर समाज को भी संदेश दे सकते हैं। इस अवसर पर स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि स्वस्थ्य रहना आज सबसे ज्यादा जरूरी है। जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी अच्छे से निभा सकेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, राजू चंद्राकर, आनंद साहू, राहुल चंद्राकर, समाजसेवी डॉ. एकता लंगेह, अपर कलेक्टर रवि साहू, उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह, आयुष के डॉ. ज्योति गजभिए, डॉ. सर्वेश दुबे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली।



### नशा मुक्त होने का लें संकल्पः सिन्हा

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि युवा ही राज्य की असली ताकत हैं। सबसे पहले हमें नशा मुक्त होने का संकल्प लेना चाहिए। संकल्प और एकता ही जीत की कुंजी है। नारी शक्ति का सम्मान कर हमें विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ के युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### पुरस्कृति हुए प्रतिभागी

ओपन वर्ग मैराथन अंतर्गत पुरूष प्रतिभागी में बलराम बरिहा ने प्रथम एवं सत्येन्द्र कुमार तेन्दुलकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला प्रतिभागी में प्रथम स्थान हसीना व द्वितीय स्थान ज्योति ने हासिल की। इसी तरह 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के मध्य मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में बंदन बाई चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोटराईज्ड ट्राइसिकल मैराथन में लाकेश कुमार प्रथम, मानिक लाल चतुर्वेदी द्वितीय रहे। ट्राइसिकल मैराथन में संजय परमार ने प्रथम व तेजस्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# 35 फीट रावण पुतला का होगा दहन

## दशहरा आयोजन के लिए बनाई गई रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दशहरा उत्सव समिति, मानस भवन महासमुंद की एक महत्वपूर्ण बैठक कॉलेज रोड स्थित स्वाध्याय केंद्र में आयोजित की गई, जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा उत्सव के सफल आयोजन की रूपरेखा पर गहन चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने मिलकर यह निर्णय लिया कि इस वर्ष दशहरा उत्सव का आयोजन 2 अक्टूबर को पंडित जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान में किया जाएगा।

आयोजन समिति के प्रभारी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि इस वर्ष का मुख्य आकर्षण 35 फीट ऊंचा रावण का पुतला होगा। यह भव्य पुतला राधेश्याम यादव उर्फ (राजू पेंटर) द्वारा काली मंदिर के पास उनके निवास पर विशेष वेशभूषा में तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे से हो जाएगी, जिसमें दिशा नाट्य कला मंच के कलाकार भव्य रामलीला का मंचन करेंगे। रामलीला के लिए विशेष रूप से अत्याधुनिक लाइट और साउंड की व्यवस्था की गई है, ताकि दर्शक एक अद्भुत और यादगार अनुभव प्राप्त कर सकें। साहू ने आगे बताया कि रामलीला के समापन के बाद, पारंपरिक रूप से अग्निबाण के द्वारा रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। पुतला दहन के तुरंत बाद, आसमान में आकर्षक और रंगीन आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है, जो दर्शकों का मन मोह लेगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति ने नगर पालिका परिषद से चर्चा कर मैदान की साफ सफाई व लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग से संपर्क कर आवश्यक व्यवस्था बनाने का आग्रह किया है।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्यों में भूपेंद्र राठौड़, चंद्रशेखर साहू, तिलक साव, प्रकाश राव सावरकर, गोवर्धन प्रधान, मनीष वास्तव, जैनेंद्र चंद्राकर, सरदार सुमित ढिल्लो, रामेश्वर साहू, धीरज सिन्हा और सुरेंद्र ठेठवार शामिल थे। इस वर्ष का दशहरा उत्सव महासमुंद के लिए एक भव्य और यादगार आयोजन बनने की उम्मीद है, जिसमें स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा और सभी नागरिक मिलकर इस पर्व का आनंद ले सकेंगे।

### खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा, होता है शारीरिक व मानसिक विकासः निखिलकांत

**महासमुंद।** ग्राम अचानकपुर में 11 स्टार क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। उन्होंने स्पर्धा के आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। और निरंतर इस प्रकार के आयोजन करते रहने की बात कही। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों व टीमों को मुख्य अतिथि साहू के हाथों मैडल व पुरस्कार राशि प्रदान किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सदैव टीम भावना व भाईचारे के साथ खेल खेलते रहने प्रेरित किया। इस अवसर पर अचानकपुर सरपंच ऋषि कुमार चौधरी, सचिव ताम्रध्वज पटेल, अर्जुन पटेल, रमेश निषाद, मनीराम पटेल, चंदर सिंह पटेल, धरम सिंह मरकाम, रामचरण पटेल, सियाराम, कलीराम, शिवचरण यादव, मनीष ध्रुव, राजेश पटेल, देवधर, टीकम, चंदू, पीलेश्वर ध्रुव एवं 11 स्टार के सदस्य गण उपस्थित थे।




## बिजनेस साईट

### नवरात्रि में सोहम हॉस्पिटल में मिलेगी निःशुल्क परामर्श सेवा

**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व पर विशेष पहल के तहत 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे 10 दिनों तक अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवधि में डॉ. युगल चंद्राकर (एमडी एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ), डॉ. सोमी चंद्राकर (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. गौरव साहू (एमबीबीएस, एमएस ऑर्थोपेडिक्स) अपनी सेवाएं निशुल्क प्रदान करेंगे। चिकित्सकों की मानें तो नवरात्रि केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनकल्याण के लिए भी प्रेरणा का अवसर है। इसलिए इन नौ दिनों में वे अपनी विशेषज्ञता का लाभ मरीजों को बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराते हैं। डॉ. युगल चंद्राकर ने बताया कि यह पहल केवल परामर्श तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, उचित आहार, योग एवं ध्यान की महत्ता पर भी जानकारी दी जाएगी। डॉ. सोमी चंद्राकर ने कहा कि विशेष रूप से महिलाओं और गर्भवती माताओं के लिए यह निःशुल्क परामर्श बेहद लाभकारी रहेगा। डॉ. गौरव साहू (ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ) ने बताया कि हड्डियों एवं जोड़ों से संबंधित समस्याएँ बहुत आम हैं। कई मरीज दर्द और तकलीफ़ को सहते रहते हैं, लेकिन समय पर परामर्श नहीं लेते। इस शिविर में वे निःशुल्क जांच और मार्गदर्शन प्राप्त कर पाएंगे।

# जीवन में ईश्वर का दर्शन केवल सदगुरु करा सकते हैं: रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय श्रीराम मंदिर में श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का दूसरा दिन का शुभारंभ जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्रचार्य के सिद्ध चरण पादुकाओं का पूजन एवं लीलामृत ग्रंथ का यजमान, पुरोहितों द्वारा विधिवत शास्त्रीय पद्धति द्वारा पूजन माल्यार्पण कर किया गया।

श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ दोपहर 2 बजे हुआ। कथा व्यास से रामानंदाचार्य के शिष्य रोहित मोडे ने कहा कि जीवन में ईश्वर का दर्शन केवल सदगुरु करा सकते है। ऐसे सक्षम योग्य सदगुरु ही वह डायरेक्टर है, जिसकी पहुंच ईश्वर तक है। सदगुरु संत प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर देखते हैं। सदगुरु के ऊपर जीवन की डोर सौप दें तो वह खुशियां भर देते है। मन आनंद से भर जाता है। सदगुरु ही पार ब्रह्म है उनकी शरण जाना चाहिए। रामानंदाचार्य नरेंद्रचार्य कहते है कि हमें एक निष्ट होना चाहिए। हनुमान, नारद, शबरी, राधा ने केवल प्रभु के एक रूप को माना। एक संत एक मंत्र होगा, तभी जीवन का उद्धार होगा। सदगुरु के चरणों में पूर्ण समर्पण करना होगा। सदगुरु रास्ता बताते है जो नाम दान से संभव है। एक धुरी में घूमना पड़ता है। नाम हमें आत्म उद्धार के लिए लेना है। इस संसार की नश्वर चीजों के लिए नहीं। पूरे परिवार का एक मंत्र होना चाहिए। तब परिवार में सामंजस्य बनेगा। नाम का मूल उद्देश्य आवागमन की बंधन को तोड़ना है, जो सद्गुरु के मार्ग में संभव है।



कथाकार ने कहा कि सदगुरु में ही 33 करोड़ देवी-देवता है। गुरु सभी भ्रम को तोड़ते है। यह गुरु मार्ग महान समर्पण, संयम, दृढ़ अनुशासन लगन निष्ठा विश्वास का है। हमारे मन में आता है कि गुरु जीवन में क्यों जरूरी है। जिस प्रकार गाड़ी का ड्राइवर अनजान रास्तों से लक्ष्य तक ले जाता है। उसी प्रकार गुरु आपको परमात्मा तक पहुंचता है। आपके जीवन की राह पर सही ज्ञान देकर सामाजिक, नैतिक और बौद्धिक प्रगति के लिए प्रेरित करते है। प्रवचन पश्चात संध्या में रास लीला में नृत्य, भजन का समावेश रहा, जिसका सभी भक्तों ने लाभ लिया। रासलीला पश्चात संध्या आरती और प्रसाद वितरण की गई। कथा के दौरान पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, नगर पुरोहित पंकज तिवारी, येतराम साहू जिला भाजपा अध्यक्ष, सर्व समाज अध्यक्ष मुन्ना लाल साहू आदि मौजूद रहे।




# आत्मानंद आदर्श स्कूल में हुआ साइकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय आदर्श उच्चतर हिंदी माध्यमिक विद्यालय के सभागार में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती साइकिल वितरण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने की। कार्यक्रम में देवीचंद्र राठी उपाध्यक्ष नपा, प्रकाश शर्मा संगठन महामंत्री, संदीप घोष भाजपा नेता, गोविंद ठाकुर, राजू चंद्राकर, रामेश्वर पटवा, पीयूष साहू पार्षद, शरद मराठा, अमित साहू, गौरव राठी, हरेंद्र जांगड़े, दिव्यांश पांडेय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां सरस्वती माता के दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हेमंत डडसेना ने किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता एमडी वर्मा, मुरलीधर पटेल, हेमंत डडसेना, जेपी साहू, एलआर साहू, भोजेश्वरी ठाकुर, गरिमा भारद्वाज, त्रिवेणी साहू, अंजनी साहू, हीना कुरैशी, प्रियंका ध्रुव, श्वेता चंद्राकर, तृप्ति ध्रुव, डॉ. दुर्गा डडसेना, सुलक्षना तिवारी, नरेंद्र सिंह, बसंत साहू मौजूद रहे। यह जानकारी साइकिल वितरण प्रभारी देव कुमार सोनवानी ने दी है।




